# विश्वास | By Krishna Agarwal

श्याम मेरे श्याम ......
श्याम मेरे श्याम ......

क्यूँ डरता है श्याम के होते सोते
जिनका है विश्वास कभी ना रोते

कैसी भी हो परिस्तिथियाँ श्याम से ना अनजान है
जान रहा है बाबा तेरा करम का ये भुगतान है
श्याम से कुछ ना हाल हमारे छुपते
जिनका है विश्वास कभी ना रोते
क्यूँ डरता है .........

इनकी लीला ये ही जाने क्या समझाना चाहते हैं
थोड़ा भय को उत्पन्न करके आज़माना चाहते हैं
पूरी श्रद्धा से जो हर पल रहते
जिनका है विश्वास कभी ना रोते
क्यूँ डरता है .........

संकट चाहे जैसा भी हो किसी हाल में ना डरना
रख ले तू विश्वास मन में जो करना इनको करना
केजू कभी ना किसी को ये डुबोते
जिनका है विश्वास कभी ना रोते
क्यूँ डरता है .........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a4%bf%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b8-by-krishna-agarwal/